Datanet India

Date	Publication	Edition	Headline	Page
09-01-18	Uttar Bharat	Dehradun	Election Atlas of India – launched	07

इलेक्शन एटलस ऑफ इण्डिया पुस्तक का हुआ विमोचन

देहरादून। सामाजिक आर्थिक एवं चुनावी सांख्यिकी आंकड़ों का प्रसार करने वाले भारत के प्रमुख आईटी इनेबल्ड संगठन डेटानेट इण्डिया ने नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में अपनी पुस्तक इलेक्शन एटलस ऑफइण्डिया का लॉन्च किया। भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ नसीम जैदी द्वारा प्रस्तावित यह पुस्तक डेटानेट इण्डिया के निदेशक डॉ. आर के ठुकराल द्वारा सम्पादित और प्रकाशित है। इस मौके पर जैदी ने कहा एटलस में चुनाव से जुड़े विभिन्न तथ्यों, मतदाताओं, उम्मीदवारों और वंचित समुदायों के विभिन्न स्तरों पर एकत्रित सांख्यिकी आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। इन मानकों और पहलुओं को जीआईएस टेकनोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए प्रभावी ग्राफ चार्ट, विषयगत मानचित्रों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। एटलस में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में उप–चुनावों के बारे में ऐतिहासिक आंकड़ों तथा राज्यों के गठन एवं विभाजन के बाद हुए बदलावों पर रोशनी डाली गई है। एटलस में मैनें पाया गया कि इसमें चुनाव एवं चुनावी जानकारी से जुड़ी कई रोचक कहानियां हैं। पुस्तक के संपादक डा. आर के ठुकराल ने पाया कि भारत के मतदाताओं की संख्या अमेरिका और पश्चिमी यूरोप की कुल आबादी से अधिक है। एटलस चुनावी फीचर्स पर आधारित प्रासंगिक पुस्तक है जिसमें पहले आम चुनाव से लेकर आज तक सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावी परिणामों का विवरण है। प्रमाणित स्रोतों से प्राप्त जानकारी एवं आंकड़ों के आधार पर विषयगत मानचित्रों के माध्यम से 1952 से लेकर 2014 तक की सम्पूर्ण जानकारी व्यवस्थित और कालानुक्रम में दी गई है, जो भारत की चुनावी प्रणाली की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती है। मीडिया पेशेवरों, लोकतंत्र समर्थकों एवं चुनावी अधिकारियों के लिए प्रासंगिक पुस्तक साबित होगी।